**निबंधन और शर्तें**

**वरिष्ठ सलाहकार (आकांक्षी जिला इकाई)**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतया संविदात्मक आधार पर उपर्युक्त पद के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

**भूमिका और उत्तरदायित्व**

वरिष्ठ सलाहकार को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के बाल स्वास्थ्य प्रभाग के आकांक्षी जिला इकाई में तैनात किया जाएगा और वे अपर आयुक्त, बाल स्वास्थ्य (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय) के सीधे पर्यवेक्षण में काम करेंगे।

**पद के विशिष्ट दायित्व इस प्रकार हैं:**

- अपर आयुक्त, बाल स्वास्थ्य, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन में वरिष्ठ सलाहकर आकांक्षी जिला कार्यक्रम तथा आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम की योजना बनाने, उनकी निगरानी तथा इन्हें कार्यान्वित करने में सहयोग करेंगे। उत्कर्ष अभियान के तहत चिन्हित जिलों में तकनीकी सहायता प्रदान करेंगे और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को प्रमुख निष्पादन संकेतकों (केपीआई) में सुधार लाने में सहयोग करेंगे।
- आकांक्षी जिलों/ब्लॉकों में विभिन्न विषय-वस्तु संबंधी क्रियाकलापों और अन्य एनएचएम कार्यक्रमों के सुदृढ़ीकरण और कार्यान्वयन हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को कार्यक्रमात्मक सहायता प्रदान करना।
- मिशन उत्कर्ष के तहत चिन्हित आकांक्षी जिलों/आकांक्षी ब्लॉकों/ जिलों में प्रमुख स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार लाने के लिए कार्यक्रम की नियमित निगरानी में सहभागिता।
- आकांक्षी जिलों/आकांक्षी ब्लॉकों /जिलों, जो उत्कर्ष मिशन के तहत चिन्हित हैं, को कार्यक्रम संबंधी आवश्यकताओं के अनुसार जब भी आवश्यकता हो विभिन्न क्षमता निर्माण कार्यकलापों में सहायता।
- मिशन उत्कर्ष के तहत चिन्हित आकांक्षी जिलों/आकांक्षी ब्लॉकों/जिलों के लिए प्रमुख स्वास्थ्य संकेतकों की प्रगति पर मासिक और तिमाही रिपोर्टें तैयार करना।
- कार्यक्रम विशिष्ट परिचालन दिशानिर्देशों, दस्तावेजों और तकनीकी दस्तावेजों को तैयार करने में योगदान करना।
- मिशन उत्कर्ष के तहत राज्यों और आकांक्षी जिलों/ब्लॉकों/जिलों का समय-समय पर फील्ड दौरा करना ताकि कार्यक्रम के कार्यान्वयन की समीक्षा की जा सके, कार्यान्वयन की चुनौतियों की पहचान की जा सके और उचित समाधान निकालने में जिलों/राज्यों की सहायता की जा सके।
- कार्यक्रम की गतिविधियों को तैयार करने, लागू करने, इनकी निगरानी करने के लिए विकास भागीदारों, नीति आयोग, राज्य सरकार के समकक्षों जैसे विभिन्न भागीदारों और हितधारकों के साथ समन्वय करना।
- आकांक्षी जिला कार्यक्रम/आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के लिए कार्य योजना, बजट, गतिविधियां, निगरानी और मूल्यांकन (एम एंड ई) फ्रेमवर्क विकसित करना।
- राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) के मूल्यांकन में सहायता और मिशन उत्कर्ष के तहत चिन्हित आकांक्षी जिलों/आकांक्षी ब्लॉकों,जिलों के लिए कार्य योजना तैयार करने में सहायता करना।
- विभिन्न रिपोर्ट/अध्ययन/एमआईएस डाटा/सर्वे रिपोर्ट का विश्लेषण करना और आउटपुट/विश्लेषण के आधार पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और अलग-अलग जिलों में आकांक्षी जिला/ब्लॉक संकेतकों (नीति आयोग द्वारा निर्दिष्ट) को प्राप्त करने के लिए कार्रवाई का सुझाव देना।
- आकांक्षी जिला कार्यक्रम/आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम/मिशन उत्कर्ष की नियमित समीक्षा के लिए राज्यों के साथ समन्वय करना और आवश्यकता पड़ने पर समीक्षा में भाग लेना।
- समय-समय पर विश्लेषणात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करना और अनुमोदित कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं की कमियों को पूरा करने के लिए राज्य/जिला स्तर पर आवश्यक कार्रवाई का सुझाव देना।

- आरएमएनसीएच+ए के क्षेत्र में काम कर रहे सरकारी, निजी, अकादमिक, एनजीओ आदि जैसे विभिन्न हितधारकों के साथ नेटवर्किंग और सहयोगी संबंध विकसित करना और आकांक्षी जिलों का सहयोग करना।
- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को निर्णय लेने में सहयोग देने की सुविधा के लिए राज्यों से प्राप्त प्रस्तावों की समीक्षा करना।
- पर्यवेक्षक द्वारा सौंपे गए अन्य कार्यों का पालन करना।

**आवश्यक अर्हता और अनुभव**

- अधिमान्य- एमबीबीएस के साथ जन स्वास्थ्य स्नातकोत्तर योग्यता (एमडी/एमपीएच) और 3+ वर्ष का कार्य अनुभव। जन स्वास्थ्य स्नातकोत्तर योग्यता (एमडी / एमपीएच) के साथ प्रासंगिक डिग्री बीडीएस / बीएचएमएस / बीएएमएस // एम एससी (नर्सिंग) के साथ गैर एमबीबीएस/ एमएसडब्ल्यू/ सामाजिक विज्ञान में स्नातकोत्तर के साथ जन स्वास्थ्य में 5+ साल का कार्य अनुभव विचारणीय होगा।
- एनएचएम या उच्च प्राथमिकता जिलों (एचपीडी) के तहत स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने, कार्यक्रम योजना या कार्यान्वयन में कार्य अनुभव।
- फील्ड स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन में प्रमाणित अनुभव; जिला स्वास्थ्य कार्यान्वयन योजना को मजबूत करने के लिए काम किया हों।
- कार्यक्रम के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए रणनीति तैयार करने और उसी के अनुसार गतिविधियों की योजना बनाने में सक्षम होना चाहिए। कार्यक्रम या नीति स्तर पर स्वास्थ्य मुद्दों पर काम करने, निगरानी और मूल्यांकन, डाटा विश्लेषण, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रशासन और प्रशासन में योग्यता और अनुभव। स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर तकनीकी दिशानिर्देश और दस्तावेज तैयार करने की क्षमता।
- तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा करने के लिए तैयार के लिए तैयार और नियत समयसीमा में और एक साथ विभिन्न कार्यों पर काम करने की क्षमता।
- एक बहु-विषयक टीम वातावरण में काम करने की प्रमाणित क्षमता।

**आवश्यक कौशल और दक्षताएं**

आरएमएनसीएच+ए और अन्य कार्यक्रमों जैसे प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल और एनसीडी का तकनीकी ज्ञान।

उच्च स्तरीय जानकारी के साथ एमएस वर्ड, एक्सेल, पावर प्वाइंट जैसे आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले कंप्यूटर तकनीकी का अच्छा ज्ञान तथा संचार और लेखन कौशल में प्रवीणता।

अच्छा पर्यवेक्षी और अंतर-कार्मिक कौशल

**आयु:** आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को अधिकतम आयु सीमा 55 वर्ष और फिल्ड का दौरा करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य

**पारिश्रमिक सीमा:** प्रति माह रु. 90,000/- से 1,50,000/- रुपये के बीच

**तैनाती स्थान:** नई दिल्ली

**आवेदन कैसे करें:** अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध आवेदन को ठीक से भरें। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदनों को प्राप्त करने की अंतिम तिथि **13-Feb-2024** है।